## प्रधानमंत्री ने वाराणसी से की आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की शुरुआत

# यूपी मेडिकल हब बनेगा: मोदी

वाराणसी/सिद्धार्थनगर | हिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूपी देश का मेडिकल हब बनेगा। अगले 10-12 वर्षों में यह प्रदेश देश में डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी पूरी करेगा।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को वाराणसी से 64 हजार करोड़ रुपये की 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन' की शुरुआत की। इसके अलावा सिद्धार्थनगर एवं वाराणसी में प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेज समेत लगभग 75 हजार करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें बनारस की लगभग 52 सौ करोड़ की 28 परियोजनाएं शामिल हैं।

**विपक्ष पर प्रहार:** सिद्धार्थनगर एवं वाराणसी में आयोजित जनसभाओं में पीएम ने बिना नाम लिए विपक्ष पर करारा प्रहार किया। साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार की साइकिल चलती थी। अब कर्मयोगियों की सरकार में विकास हो रहा है। बीमारियों से जूझने के लिए पिछली सरकारों ने यूपी को अपने हाल पर छोड़ दिया था। पहले स्वास्थ्य सुविधाओं समेत अन्य विकास कार्यों के पैसों से तिजोरियां भरती थीं, घोटाले होते थे। अब उन पैसों का उपयोग विकास में हो रहा है। पीएम ने कहा कि पहले की सरकारों में मेडिकल कॉलेज के लिए सिर्फ भूमि पूजन होता था, अब लोकार्पण भी होता है।

पूर्वांचल में एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार आए पीएम ने कहा कि 'पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन' से देश के कोने-कोने में क्रिटिकल केयर नेटवर्क विकसित और मजबूत होगा। यह 'होलिएस्टिक हेल्थ केयर' की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि यह मिशन आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी माध्यम बनेगा। कई तरह के रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

> अब विकास पर हो रहा खर्च : मोदी पेज 11

**09**

**मेडिकल कॉलेज की सौगात पीएम ने उत्तर प्रदेश को दी**

**75**

**हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण किया**



सिद्धार्थनगर में सोमवार को परियोजनाओं की जानकारी लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, साथ में यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • प्रेट

### इलाज के अभाव में अब कोई दम नहीं तोड़ेगा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इलाज के अभाव में अब कोई दम नहीं तोड़ेगा। प्रदेश में एक साथ नौ मेडिकल कॉलेज की शुरुआत उन लोगों को श्रद्धांजलि है जिनकी आजादी के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मौत हो गई। आने वाले समय में किसी भी मासूम और किसी भी नागरिक की स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में जान नहीं जाएगी। सिद्धार्थ नगर एवं वाराणसी में आयोजित जनसभाओं में उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश ने विगत सात वर्षों के दौरान दुनिया में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

### आत्मनिर्भरता की नई कहानी गढ़ रहा देश

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हेल्थ सेक्टर में देश आत्मनिर्भरता की नई कहानी गढ़ रहा है। देश में स्वास्थ्य बजट आठ गुना बढ़ा है। 2014 में मोदी जी पीएम बने तो उस समय स्वास्थ्य बजट 33 हजार करोड़ था, जबकि सात साल में आठ गुना बढ़ गया। इस समय सरकार सवा दो लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। मेडिकल एजुकेशन पर फोकस किया गया है। सिद्धार्थ नगर एवं वाराणसी में आयोजित जनसभाओं में उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक एक हजार आबादी पर एक डॉक्टर का है, जबकि इस समय देश में 850 की आबादी पर एक डॉक्टर की सुविधा तक हम पहुंच गए हैं।